CHHATTISGARH STATE BIODIVERSITY BOARD

छत्तीसगढ़ राज्य जैवविविधता बोर्ड

Aranya Bhavan, North Block, Sector-19, Atal Nagar, Dist.- Raipur (Chhattisgarh)
अरण्य भवन, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, नवा रायपुर, अटल नगर (छत्तीसगढ़)
Phone & Fax No. 0771- 2512807 Email : cgmsbdb@gmail.com

क्रमांक / एफ. नं.– / जै.वि.बो. / 860 रायपुर, दिनांक 25 / 04 / 2023

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 22 मई 2023 को अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस के अवसर पर जैवविविधता पुरस्कारों के वितरण हेतु व्यक्ति / संस्था से प्रस्ताव का आमंत्रण

संयुक्त राष्ट्र के द्वारा 22 मई को जैवविविधता के मुद्दों के बारे में समझ एवं जागरूकता बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस के रूप में घोषित किया गया है। विश्व भर में 22 मई 2023 को अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस मनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य जैवविविधता बोर्ड के द्वारा प्रतिवर्ष दिनांक 22 मई को अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस के अवसर पर जैवविविधता के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रचार–प्रसार हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है।

विगत वर्ष अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस के आयोजन के अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी छत्तीसगढ़ शासन के दिशा–निर्देशों के अनुसार एवं अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य जैवविविधता बोर्ड के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ राज्य में जैवविविधता के प्रचार–प्रसार एवं जैवविविधता के संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र में कार्य कर रहे व्यक्ति / संस्था को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 4 क्षेत्रों में निम्नानुसार 12 पुरस्कार दिया जाना हैं :–

क्रमांक	श्रेणी		विवरण	कुल अवार्ड की संख्या
1	**संरक्षण**	(i)वन्यप्राणियों का संरक्षण	इस पुरस्कार से उन संस्थाओं को सम्मानित किया जायेगा, जो छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में प्रयास कर रही हो– **"वन्यप्राणियों के संरक्षण, उनके आवास स्थलों की पुर्नस्थापना एवं प्रबंधन का कार्य जिससे विलुप्त होने वाली प्रजातियां प्रसारित हो सके।"**	एक पुरस्कार दो संस्था को प्रति संस्था राशि रू. 50,000 / – एवं दो व्यक्ति को प्रति व्यक्ति राशि रू. 25,000 / – प्रशस्ति पत्र
		(ii)पालतू प्रजातियों का संरक्षण	इस पुरस्कार से उन व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित किया जायेगा, जो पालतू प्रजातियों के आवास स्थलों के बेहतर प्रबंधन के द्वारा उन्हें आ रहे खतरों के स्तर को कम कर उनका संरक्षण कर रहे है।	एक पुरस्कार व्यक्ति को राशि रू. 25,000 / – प्रशस्ति पत्र तथा एक पुरस्कार संस्था को राशि रू. 50,000 / – प्रशस्ति पत्र
2	**जैव संसाधनों के पोषणीय उपयोग**		छत्तीसगढ़ राज्य के जैव संसाधनों के पोषणीय उपयोग, सतत वृद्धि तथा बेहतर प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन के प्रयासों को पुरस्कृत किया जायेगा।	एक पुरस्कार व्यक्ति को राशि रू. 25,000 / – प्रशस्ति पत्र तथा एक पुरस्कार संस्था को राशि रू. 50,000 / – प्रशस्ति पत्र

3	**सभ्यता, संस्कृति एवं धरोहर (Heritage)से जैवविविधता संरक्षण**	(i)मानव जाति (Ethnic) सभ्यता एवं संस्कृति	इस पुरस्कार से उन व्यक्तियों / समुदाय/ जाति को सम्मानित किया जायेगा जिनकी मानव जाति ;म्जीदपबद्ध सभ्यता एवं संस्कृति जैव संसाधन/ विविधता को अक्षुण्ण बनाये रखने एवं समाज को वृहद स्तर पर संदेश देने में सफल हुए है।	एक पुरस्कार संस्था को राशि रू. 50,000/– प्रशस्ति पत्र
		(ii)धरोहर संरक्षण Heritage Conservation	इस पुरस्कार से उन समुदाय/संस्था को सम्मानित किया जायेगा जिनके द्वारा धरोहर क्षेत्र (Heritage Sites) / जैवविविधता को संरक्षित / प्रचार कर क्षेत्र के सम्पूर्ण जैवविविधता के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दिया हो।	एक पुरस्कार संस्था को राशि रू. 50,000/– प्रशस्ति पत्र
4	**श्रेष्ठ जैवविविधता प्रबंधन समिति**		इस पुरस्कार के अंतर्गत उन जैवविविधता समितियों को सम्मानित किया जायेगा जो जैव संसाधनों पारंपरिक ज्ञान, जागरूकता उत्पन्न करना, जैव विविधता संरक्षण के श्रेष्ठ नियम लागू करना, पोषणीय उपयोग, सामाजिक एवं लैंगिक सामानता, सशक्तिकरण एवं साम्यपूर्ण हिस्सा बांटना आदि कार्यो के प्रलेखन में उत्कृष्ट कार्य करेंगी।	दो बी.एम.सी. को प्रति बी.एम.सी. पुरस्कार राशि रू. 50,000/– प्रशस्ति पत्र

इन 12 पुरस्कारों में जैवविविधता के उक्त क्षेत्रों में कार्य कर रहे 4 व्यक्तियों तथा 8 संस्थाओं को पुरस्कृत किया जाएगा। इनके विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं राशि रू. 25,000/– प्रति व्यक्ति एवं राशि रू. 50,000/– प्रति संस्था को प्रदान किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ राज्य जैवविविधता बोर्ड द्वारा 22 मई 2023 को अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस के अवसर पर उक्त पुरस्कारों हेतु व्यक्तियों / संस्थाओं के चयन के लिए जैवविविधता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए उक्त क्षेत्रों में कार्य कर रहे व्यक्तियों/संस्थाओं से जैवविविधता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यो के विस्तृत विवरण एवं फोटोग्राफ के साथ दिनांक 18.05.2023 तक छत्तीसगढ़ राज्य जैवविविधता बोर्ड कार्यालय में प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। यह प्रस्ताव ईमेल– cgmsbdb@gmail.com में भी प्रेषित किया जा सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु मोबाईल क्रमांक 97551–13747 में संपर्क किया जा सकता है।

सदस्य सचिव
छत्तीसगढ़ राज्य जैवविविधता बोर्ड
नवा रायपुर अटल नगर